हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 18 मई 2026

तापमान
अधिकतम 42.8 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

11 रोहतक की डॉ. सुनैना दलाल सांगवान बनीं ऑस्ट्रेलिया...



12 हाय! गर्मी नेक-मिनी फैन जैसे हाइटेक गैजेट्स...



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे।
- लघु सचिवालय में समाधान शिविर सुबह 10 बजे
- निगम अधिकारियों के साथ डीसी की बैठक
- एमडीयू के छात्र नेता डॉ. प्रदीप देशवाल की प्रेस वार्ता सुबह 11.30 बजे मैना टूरिस्ट काम्प्लेक्स में।
- मानसरोवर पार्क में ग्रामीण चौकीदारों का धरना 11 बजे।

# गर्मी में भी कोल्ड वायरल का खतरा, एसी-कूलर कर रहे बीमार

### चिकित्सक बोले- पहली बार गर्मी में ऐसे केस देखे, उल्टी दस्त की भी हो रही शिकायत, 7 दिन में ठीक हो रहे कोल्ड वायरल के मरीज, दस से 15 दिन तक रहती है कफ की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरिभूमि सिटी पल्स

आमतौर पर सर्दियों में फैलने वाला कोल्ड वायरल इस बार भीषण गर्मी के मौसम में भी लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। रोहतक के सरकारी और निजी अस्पतालों में पिछले कुछ दिनों से सर्दी, खांसी, गले में खराश और बुखार जैसे लक्षणों वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में इस तरह के कोल्ड वायरल के मामले पहली बार इतने अधिक देखने को मिल रहे हैं। इसके साथ ही कई मरीजों में उल्टी-दस्त सहित शरीर में कमजोरी की शिकायत भी सामने आ रही है।

डॉक्टरों के अनुसार, मौसम में लगातार बदलाव, तेज धूप के बाद ठंडे वातावरण में जाना, एसी और कूलर का अत्यधिक उपयोग तथा ठंडी चीजों का ज्यादा सेवन इस संक्रमण को बढ़ाने का कारण बन रहा है। शहर के विभिन्न अस्पतालों में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

#### ये हैं बीमारी के लक्षण

*चिकित्सकों ने बताया कि मरीजों में नाक बहना, गले में दर्द, हल्का बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द और खांसी जैसे लक्षण सामान्य रूप से देखे जा रहे हैं। वहीं कई लोगों को पेट संबंधी परेशानियां भी हो रही हैं। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में संक्रमण का असर अधिक देखने को मिल रहा है। ऐसे मौसम में लोगों को टायफाइड भी हो रहा है। अधिकांश मरीज तीन से चार दिन में ठीक नहीं हो पा रहे। उन्हें ठीक होने से सप्ताह से ज्यादा का समय लग रहा है। इन मरीजों में दस से 15 दिन तक कफ की समस्या देखने को मिल रही है।चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।*



एआई जेनरेटेड

#### रोग प्रतिरोधक क्षमता हो रही प्रभावित: विशेषज्ञ

*विशेषज्ञों का कहना है कि दिन में तेज गर्मी और रात के समय तापमान में गिरावट शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित कर रही है। ऐसे में लोग जल्दी वायरल संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। इसके अलावा कई लोग पसीने से भीगे शरीर के साथ सीधे एसी में बैठ जाते हैं, जिससे समस्या बढ़ रही है।*

#### ऐसे करें बचाव

चिकित्सकों ने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, ताजा भोजन खाने और बाहर के खुले खाद्य पदार्थों से बचने की अपील की है। साथ ही बहुत ज्यादा ठंडे पेय पदार्थों का सेवन न करने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। यदि किसी व्यक्ति को लगातार बुखार, सांस लेने में तकलीफ या ज्यादा कमजोरी महसूस हो तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी गई है। डॉक्टरों का कहना है कि फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन लापरवाही संक्रमण को बढ़ा सकती है। समय पर इलाज और सावधानी से मरीज तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं।

#### सावधानी बरतें

वायरल के मरीज आ रहे हैं। ऐसे मरीजों को ठीक होने से एक सप्ताह



लग रहा है। साथ ही कफ की समस्या दस से 15 दिन तक देखने को मिल रही है। टायफाइड के मरीज भी आ रहे हैं। बदलते मौसम और गर्मी की वजह से बीमारियां बढ़ रही हैं। लोगों को सावधानियां बरतने की जरूरत है। उन्हें ठंडी और खट्टी चीजों से बचाव करना होगा। मास्क का प्रयोग करना होगा। हालांकि सामान्य उपचार के बाद मरीज ठीक हो रहे हैं।

-डॉ. रोहित अरोड़ा, चिकित्सक वी केयर अस्पताल

## खबर संक्षेप

### रोहताश नगर में छात्र ने फंदा लगाकर जान दी

**रोहतक।** रोहताश नगर में 12वीं कक्षा के एक छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, साढ़े 17 वर्षीय रोहित का हाल ही में 12वीं कक्षा का रिजल्ट आया है। जिसमें उसके नंबर उम्मीद से कम थे। हालांकि नंबर कम आने पर परिजनों ने उसे समझा दिया था कि इस वजह से परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा वह 3-4 दिन से किसी बात को लेकर तनाव में था। उसने शनिवार शाम को अपने मकान में फंदा लगा लिया। उसके परिजनों ने उसे देखा और तत्काल नीचे उतारा। वह उसे उपचार के लिए पीजीआईएमएस लेकर पहुंचे, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। इस दौरान पुलिस भी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और छानबीन की। परिजन रोहित की आत्महत्या के पीछे कोई ठोस वजह नहीं बता पाए ओल्ड सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि परिजनों ने किसी ठोस कारण की जानकारी नहीं दी। वह कुछ दिनों से परेशान था। उसके पास से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ।

### अनसेफ सिटी: गद्दीखेड़ी की घटना, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए दो आरोपी

# एचडीएफसी बैंक में सेंध का प्रयास मेन गेट न टूटा तो दीवार में किया छेद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एचडीएफसी बैंक की शाखा में चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना रोहतक के गांव गद्दी खेड़ी स्थित हिसार रोड पर बने बैंक परिसर की है, जहां देर रात दो युवकों ने बैंक की दीवार तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया। आरोपियों की पूरी गतिविधि बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सूचना मिलने के बाद थाना बहुअकबरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, बैंक कर्मचारी अमित नरवाल रोजाना की तरह सुबह करीब नौ बजे बैंक पहुंचे। बैंक खोलने के दौरान उनकी नजर बैंक के पिछले हिस्से की दीवार पर पड़ी, जहां दीवार टूटी हुई दिखाई दी। पास जाकर देखने पर पता चला कि किसी ने बैंक में सेंध लगाने के उद्देश्य से दीवार तोड़ने का प्रयास किया है। इसके बाद तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना बहुअकबरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास का निरीक्षण किया। पुलिस ने बैंक परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। फुटेज में दो युवक बैंक के बाहर और एटीएम के पास संदिग्ध हालत में घूमते दिखे रहे हैं। एक युवक के हाथ में दीवार तोड़ने का औजार भी नजर आ रहा है।







#### अलमारी के कारण नहीं कर सके प्रवेश

बैंक मैनेजर सोमवीर मान ने बताया कि जिस दीवार को तोड़ने का प्रयास किया गया, उसके ठीक पीछे बैंक का स्टोर रूम बना हुआ है। स्टोर रूम के अंदर दीवार के साथ एक बड़ी अलमारी रखी हुई थी, जिसकी वजह से आरोपी अंदर प्रवेश करने में सफल नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने दीवार में करीब आधा फुट गहरा छेद कर दिया था। अगर समय रहते घटना का पता नहीं चलता तो आरोपी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते थे।

#### सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के क्षेत्रों में लगे अन्य कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की आवाजाही और पहचान के बारे में जानकारी मिल सके। पुलिस ने मौके से कुछ तकनीकी साक्ष्य भी जुटाए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। घटना के बाद बैंक कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। वहीं बैंक प्रबंधन ने भी सुरक्षा बढ़ाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने की बात कही है। थाना बहुअकबरपुर पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई जारी है।

#### पहले बैंक का मुख्य दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन नहीं हुए सफल

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने पहले बैंक का मुख्य दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। जब वे इसमें सफल नहीं हुए तो उन्होंने बैंक के पिछले हिस्से से दीवार तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया। हालांकि मजबूत निर्माण और अंदर रखी अलमारी के कारण वे बैंक के भीतर प्रवेश नहीं कर सके।

#### शहर में पहले भी हो चुके कई बैंकों में चोरी करने के प्रयास

बैंक में चोरी के प्रयास का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले दिल्ली बाइपास स्थित पीएनबी, बजरंग भवन के पास स्थित सरकारी बैंक में भी चोरी के प्रयास किए जा चुके हैं। बदमाशों ने बैंक की दीवार में सेंध लगा ली थी।इसके बावजूद बैंकों की सुरक्षा मजबूत नहीं की जा सकी है।

# लाखन माजरा के पास हादसा खरैंटी के दो दोस्तों की मौत

- अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लाखन माजरा थाने में केस दर्ज
- गहरे दोस्त थे दोनों, रिश्तेदारी से रात को बुलेट मोटर साइकिल पर घर लौट रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाखन माजरा

एक सड़क हादसे में खरैंटी गांव के बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों दोस्त थे और एक दोस्त की रिश्तेदारी में गए हुए थे। रात को जब बुलेट मोटर साइकिल पर घर वापस लौट रहे थे तो लाखन माजरा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

इस हादसे में दोनों दोस्तों की मौत हो गई। इस संबंध में परिजनों ने लाखन माजरा थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में खरैंटी गांव निवासी विनोद पुत्र ईश्वर सिंह ने बताया कि वे चार भाई बहन हैं। वह सबसे बड़ा है। अजय उसका छोटा भाई था। अजय बुलेट मोटर साइकिल रखता था। वह अविवाहित था। उनके ही गांव के युवक मोहन के साथ उसकी दोस्ती थी। मोहन शादीशुदा था।

मोहन की दो साल की बेटी है और एक तीन महीने का बेटा है। शिकायतकर्ता विनोद ने बताया कि उसका भाई अजय और उसका दोस्त मोहन वे दोनों मोहन के ताऊ की लड़की ससुराल शामलो गांव गए हुए थे। रिश्तेदारी में खाना खाकर वे रात को अपने गांव खरैंटी वापस आ रहे थे। अजय बुलेट मोटर साइकिल चला रहा था। मोहन उसके पीछे बैठा हुआ था। जब वे पौली नहर के पास लाखन माजरा गांव के पास हरपंज ढाबे के पास पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए उनकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी।

इस हादसे में लगी चोटों के कारण अजय व मोहन की मौत हो गई। लापरवाह वाहन चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# होटल में मृत मिला रसोइया

- अशोका चौक के पास की घटना हृदयाघात से मौत का शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के अशोका चौक के पास एक निजी होटल में रविवार की सुबह रसोई में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पीजीआईएमएस भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान करीब 51 वर्षीय आनंद सिंह पुत्र रतन सिंह निवासी टेढ़ा नैनीताल उत्तराखंड के रूप में हुई। आनंद सिंह होटल में रसोइया था। वह एक दिन पहले ही उत्तराखंड से लौटा और रात को उसकी मौत हो गई। सुबह होटल कर्मियों ने उसे देखा तो मालिक और पुलिस को फोन किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। एफएसएल इंचार्ज डॉ सरोज दहिया ने भी मौके पर जांच पड़ताल की। आनंद सिंह आनंद की तीन बेटी और एक बेटा है। आनंद की पत्नी व बच्चे गांव में ही रहते हैं। परिवार को मामले की जानकारी दे दी गई है।

#### 16 साल से कर रहा था होटल में काम



आनंद सिंह करीब 16 साल से होटल में खाना बनाने का काम करता था। रात को रिसेप्शन पर साथी के साथ आईसक्रीम खाने के बाद करीब 12 बजे वह बीड़ी पीते हुए सीसीटीवी में दिखाई दिया। कर्मचारियों ने बताया कि शाम को खाना बनाने के दौरान उसे सीने में दर्द हुआ था, लेकिन दवा लेने के बाद वह ठीक हो गया था। लेकिन उसे रात को अटैक आ गया। सुबह जब कर्मचारी रसोई में चाय बनाने गया तो वहां आनंद का शव देखा। इसके बाद होटल के मालिक व पुलिस को सूचना दी गई। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत के कारण का पता चल पाएगा।

# रवि का वार: पारा फिर 42⁰ पार, देर शाम तक चली लू

- सामान्य से 2.1 डिग्री ज्यादा रहा अधिकतम तापमान, आने वाले दिनों में और बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोहतक में गर्मी ने एक बार फिर अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। रविवार को जिले में तेज धूप और दिनभर चली गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। हालात यह रहे कि देर शाम तक लू का असर बना रहा और लोग जरूरी काम के बिना घरों से निकलने से बचते नजर आए। तापमान में लगातार बढ़ोतरी ने आने वाले दिनों को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को रोहतक का अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.1 डिग्री अधिक रहा। बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 0.7 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई।



**रोहतक।** चुन्नी ओढ़ाकर अपने बच्चे गर्मी से बचाती महिला।

#### 23.6 डिग्री दर्ज किया गया न्यूनतम तापमान

न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिसमें भी पिछले 24 घंटे के दौरान 3.2 डिग्री की वृद्धि हुई। हालांकि न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से 1.4 डिग्री कम रहा। दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण सड़कों पर आवाजाही अपेक्षाकृत कम दिखाई दी। दोपहर के समय बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ कम रही। सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, रेहड़ी संचालकों और खुले में काम करने वाले लोगों को उठानी पड़ी। गर्म हवाओं के कारण लोगों को घरों में भी राहत नहीं मिल पाई।

#### जानिए... आगे कैसा रहेगा मौसम

भारतीय मौसम विभाग चंडीगढ़ की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों तक क्षेत्र में गर्म और शुष्क मौसम बने रहने के आसार हैं। इसके चलते दिन के तापमान में और वृद्धि हो सकती है। चिकित्सकों का लोगों से आह्वान है कि वे दोपहर के समय धूप में निकलने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और शरीर को हाइड्रेट रखने की सलाह डॉक्टरों की है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत बताई गई है। मई के दूसरे सप्ताह में गर्मी का यह बढ़ता असर संकेत दे रहा है कि आने वाले दिनों में लोगों को और अधिक तपिश का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल गर्मी का सूरज शहर पर आग के सिक्के बरसाता दिखाई दे रहा है।

### 12वीं के बाद एमडीयू के बीएफए कोर्स में दाखिले शुरू, 30 सीटों पर मिलेगा प्रवेश

# हुनर को पहचान : ग्राफिक डिजाइनिंग, गेमिंग और डिजिटल आर्ट में भरें करियर की उड़ान

### चित्रकला से एनिमेशन व फिल्म इंडस्ट्री तक रोजगार के विकल्प एमडीयू का दृश्य कला विभाग बना रहा प्रोफेशनल आर्टिस्ट और डिजाइनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

स्टूडेंट गाइड

रचनात्मक सोच और कला के क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का दृश्य कला विभाग सुनहरा मौका लेकर आया है। 12वीं के बाद छात्र यहां चार वर्षीय बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) चित्रकला कोर्स में दाखिला लेकर अपने हुनर को पहचान दे सकते हैं। विभाग में 30 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह कोर्स केवल पेंटिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को विजुअल डिजाइनिंग, डिजिटल आर्ट, एनिमेशन, फिल्म इंडस्ट्री और गेमिंग जैसे आधुनिक क्षेत्रों में भी करियर के अवसर प्रदान करता है। विभाग का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, कला कौशल और सौंदर्यबोध विकसित करना है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

#### छात्रों में रचनात्मकता व कला कौशल विकसित करना है लक्ष्य

दृश्य कला विभाग द्वारा मुख्य रूप से चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) चित्रकला संचालित किया जाता है। यहां नए सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस विशेष कोर्स के लिए विभाग में कुल 30 सीटें उपलब्ध हैं। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल कला की बारीकियां सिखाता है, बल्कि उन्हें एक पेशेवर कलाकार के रूप में भी तैयार करता है। इस कोर्स में प्रवेश लेने के लिए उम्मीदवार का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं (किसी भी स्ट्रीम/विषय में) न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य छात्रों में कला कौशल, रचनात्मकता, आलोचनात्मक दृष्टिकोण और सौंदर्यबोध के प्रति गहरी रुचि विकसित करना है।



एआई जेनरेटेड

#### जानिए...फाइन आर्ट्स के बाद क्या-क्या हैं अवसर

- **कमर्शियल आर्टिस्ट और इलस्ट्रेटर** : विज्ञापन एजेंसियों, प्रकाशन गृहों, और मीडिया कंपनियों में ग्राफिक, बुक और मैगजीन इलस्ट्रेटर के रूप में काम करने के अवसर।
- **आर्ट टीचर/प्रोफेसर** : सरकारी और निजी स्कूलों, कॉलेजों या सांस्कृतिक केंद्रों में कला शिक्षक या कला प्रोफेसर के रूप में शानदार करियर।
- **फ्रीलांस आर्टिस्ट** : खुद की आर्ट गैलरी खोलकर, पेंटिंग्स की प्रदर्शनियां लगाकर और कलाकृतियों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेचकर स्वतंत्र रूप से काम करना।
- **फिल्म इंडस्ट्री**: यह विभाग फिल्म इंडस्ट्री में जाने के अवसर भी पैदा करता है।
- **विजुअल डिज़ाइनर और एनिमेटर** : गेमिंग इंडस्ट्री, फिल्म निर्माण, वेब डिजाइनिंग और कॉर्पोरेट कंपनियों में डिजिटल आर्टिस्ट, स्टोरीबोर्ड आर्टिस्ट या क्रिएटिव डिज़ाइनर के रूप में काम।
- **आर्ट क्यूरेटर और कंसलटेंट** : म्यूज़ियम (संग्रहालयों), आर्ट गैलरी और सांस्कृतिक धरोहरों के प्रबंधन और कला प्रदर्शनियों के आयोजन की जिम्मेदारी संभालना।
- **सरकारी क्षेत्र में नौकरियां** : सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, रेलवे, टेक्सटाइल इंडस्ट्री, और राष्ट्रीय संग्रहालयों में आर्ट और डिजाइन विशेषज्ञों के पदों पर सरकारी नौकरी के अवसर।

# संपत्तिकर ब्याज माफी योजना की बाधा बनी रिकॉर्ड में त्रुटियां

- 50 हजार से अधिक करदाता उठा सकते हैं लाभ, लेकिन गलत प्रॉपर्टी आईडी और रिकॉर्ड सुधार में लग रहा लंबा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

प्रदेश सरकार की संपत्तिकर ब्याज माफी योजना हजारों लोगों के लिए राहत लाई है, लेकिन नगर निगम के रिकॉर्ड में त्रुटियां योजना का लाभ लेने में सबसे बड़ी बाधा बन रही हैं। सरकार ने वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के बकाया संपत्तिकर पर 30 जून 2026 तक 100 प्रतिशत ब्याज माफी की घोषणा की है। योजना के तहत शहर के करीब 50 हजार से अधिक संपत्तिकर धारकों को लाभ मिलने की संभावना है, लेकिन रिकॉर्ड में गड़बड़ियों के कारण बड़ी संख्या में लोग अभी तक अपनी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं।नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार शहर में करीब दो लाख प्रॉपर्टी आईडी बनाई गई हैं। इनमें से बड़ी संख्या में आईडी में नाम, पता, क्षेत्रफल, मोबाइल नंबर, मालिकाना हक या टैक्स श्रेणी संबंधी त्रुटियां सामने आ रही हैं। कई लोगों की संपत्ति किसी दूसरे व्यक्ति के नाम दर्ज हैं, जबकि कुछ के रिकॉर्ड में पुराना बकाया गलत तरीके से जुड़ा हुआ है। इन त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए लोग नगर निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

#### ऑनलाइन पोर्टल पर भी आ रही समस्या

शहर के कई नागरिकों ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल पर भी कई तकनीकी परेशानियां सामने आ रही हैं। कुछ लोगों की आईडी पोर्टल पर दिखाई नहीं दे रही, जबकि कई मामलों में टैक्स राशि गलत दर्ज हो रही है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# लाखन माजरा में 12 हजार जनसंख्या, जलघर में एक वाटर टैंक, एक महीने से वह भी खाली

- ग्राम पंचायत ने द्वितीय जलघर के लिए जनस्वास्थ्य विभाग को डेढ़ साल पहले दी थी छह एकड़ जमीन
- जनस्वास्थ्य विभाग जमीन की रजिस्ट्री की औपचारिकताएं पूरी नहीं कर रहा और न जलघर बना रहा
- दो ट्यूबवेलों के भरोसे पूरे गांव में दी जा रही पेयजल की सप्लाई
- ग्रामीणों को एक सप्ताह या दस दिन में एक बार बड़ी मुश्किल से मिलता है पानी

लखन जी मिश्रा ▶▶| लाखन माजरा

प्रदेश सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को पेयजल मुहैया करवाने के लिए नई नई योजनाएं लाई जा रही हैं। हर घर तक नल और जल पहुंचे, इसके भरसक प्रयास जनस्वाथ्य विभाग द्वारा किए जाते हैं। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर नई नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। लेकिन महम उपमंडल के गांव लाखन माजरा में ग्रामीण गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। रोहतक जींद मार्ग पर स्थित यह गांव अंतर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खास पहचान रखता है। इस गांव के खिलाड़ियों ने अंतर राष्ट्रीय स्तर पर गांव का नाम रोशन किया है। इस गांव में देश विदेश में ख्याति प्राप्त मंजी साहिब गुरुद्वारा है। भिवानी और गोहाना सड़क भी इसी गांव से होकर गुजरती है। बावजूद इसके इस गांव के लोग गर्मी के इस मौसम में पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं। इस गांव की जनसंख्या करीब 12 हजार है। गांव में एक जलघर है। लेकिन जलघर में केवल एक ही वाटर टैंक है। यह इकलौता वाटर टैंक भी पिछले एक महीने से खाली पड़ा है। ग्राम पंचायत द्वारा लगवाए गए है दो ट्यूबवैलों के भरोसे ही गांव में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। गांव की सरपंच उषा के पति संदीप राठी ने बताया कि गांव में एक सप्ताह में पेयजल की सप्लाई की जाती है। कई बार तो पानी मिलने में दस दिन भी लग जाते हैं। गर्मी के इस मौसम में गांव में पीने के पानी के लिए हा हाकार मचा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से पेयजल संकट का समाधान करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि जल्द ही गांव में जलघर के निर्माण के संबंध में जनस्वास्थ्य विभाग ने उचित कदम नहीं उठाए तो गांव के लोग महम के एसडीएम विपिन व जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से मुलाकात करेंगे।


महम। खाली पड़ा लाखन माजरा जलघर का इकलौता वाटर टैंक। फोटो : हरिभूमि

## नए जलघर के लिए डेढ़ साल पहले जनस्वास्थ्य विभाग को दी थी छह एकड़ जमीन: सरपंच

*लाखन माजरा गांव की सरपंच उषा राठी ने बताया कि डेढ़ साल पहले भिवानी डिस्ट्रीब्यूटरी के पास ग्राम पंचायत ने निशानदेही करवाकर छह एकड़ जमीन जनस्वास्थ्य विभाग को सौंपी थी। ताकि वहां पर गांव का द्वितीय जलघर बनाया जा सके। ग्राम पंचायत यह जमीन विभाग के नाम रजिस्ट्री करवाने को भी तैयार है। लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग ने न तो जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवाई और न ही वहां पर जलघर का निर्माण करवाया। जनस्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की वजह से ग्रामीणों को समय पर नहाने का पानी भी नहीं मिल रहा। गांव में वर्षभर पानी का संकट बना रहता है। जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता इस अपील है कि इस संबंध में वे जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को नए जलघर के निर्माण के आदेश जारी करें।*


संदीप राठी। सरपंच उषा के पति।

दिल्ली बाइपास और मेडिकल मोड़ पर लगी डिजिटल स्क्रीन 10 दिन से बंद, वोल्टेज फ्लेक्चुएशन बनी वजह

# 80 लाख की अत्याधुनिक एलईडी स्क्रीन बनी शोपीस

## शहरवासी डिजिटल सूचनाओं से वंचित, प्रशासनिक कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर को स्मार्ट सिटी और डिजिटल सूचना प्रणाली की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मार्च 2026 में दिल्ली बाईपास और मेडिकल मोड़ पर दो अत्याधुनिक एलईडी स्क्रीन लगाई गई थीं। करीब 80 लाख रुपये की लागत से स्थापित की गई ये स्क्रीन अब मात्र शोपीस बनकर रह गई हैं। पिछले लगभग 10 दिनों से दोनों स्क्रीन बंद पड़ी हुई हैं, जिसके चलते नागरिकों को मिलने वाली डिजिटल सूचना सुविधा पूरी तरह प्रभावित हो गई है। नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मिकी ने इन स्क्रीन का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया था और इसे आमजन को समर्पित किया गया था। उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा था कि नगर निगम द्वारा शहरवासियों को आधुनिक सूचना सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।




### तकनीकी खामियों के कारण है बंद

स्थापना के कुछ ही समय बाद तकनीकी खामियों ने इस परियोजना की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। जानकारी के अनुसार दोनों स्क्रीन वोल्टेज फ्लेक्चुएशन की समस्या के कारण बंद करनी पड़ी हैं। लगातार वोल्टेज में उतार-चढ़ाव होने से स्क्रीन की तकनीकी प्रणाली प्रभावित हो रही थी, जिसके चलते निगम प्रशासन ने फिलहाल इन्हें बंद रखने का निर्णय लिया है।

### तीन माह भी नहीं चल पाई यह स्क्रीन

करोड़ों की स्मार्ट सुविधाओं के दावे करने वाले नगर निगम की यह परियोजना तीन माह भी पूरी नहीं चल पाई। शुरुआत में ही तकनीकी समस्याओं में उलझती नजर आ रही है। शहर वासी भी सवाल उठा रहे हैं कि इतनी बड़ी लागत से लगाई गई डिजिटल स्क्रीन यदि कुछ ही महीनों में बंद हो जाएं तो इससे सरकारी संसाधनों के उपयोग पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

### विशेष वोल्टेज सिस्टम के लिए भेजा एस्टीमेट

समस्या के समाधान के लिए अब विशेष वोल्टेज सिस्टम लगाने का एस्टीमेट तैयार कर भेजा गया है। एस्टीमेट मंजूर होने और आवश्यक उपकरण लगने के बाद ही दोनों स्क्रीन दोबारा सुचारू रूप से चालू हो पाएंगी। फिलहाल इनको बंद किया हुआ है। तकनीकी सुधार के बाद भविष्य में ऐसी परेशानी नहीं आएगी। -सत्यव्रत, एसडीओ, नगर निगम

### डिजिटल कम्युनिकेशन सिस्टम से जोड़ने का था दावा

दिल्ली बाईपास पर लगाई गई स्क्रीन का आकार 6×3 मीटर है, जबकि मेडिकल मोड़ पर लगी स्क्रीन 8×4 मीटर आकार की है। इन स्क्रीन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सरकारी योजनाओं, नीतियों और जनजागरूकता से जुड़े संदेश समय पर उपलब्ध कराना था। साथ ही स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, संपत्तिकर, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त शहर और अन्य सामाजिक अभियानों को बढ़ावा देने के लिए भी इनका उपयोग किया जाना था। नगर निगम का दावा था कि इन स्क्रीन के माध्यम से शहर को डिजिटल कम्युनिकेशन सिस्टम से जोड़ा जाएगा और लोगों तक जरूरी सूचनाएं आकर्षक व स्पष्ट रूप में पहुंचेंगी।

## आचार संहिता हटी अब सांपला पकड़ेगा विकास की रफ्तार

**सांपला।** नगरपालिका चुनाव में लगी आचार संहिता हट गई है। सांपला की नई सरकार जल्द शपथ लेगी। आचार संहिता लग जाने से कई विकास के काम अधर में लट गए थे। जो करीब 25 करोड़ के हैं। इनमें पार्क, छोटूराम धर्मशाला, लाईब्रेरी, तालाब, पानी निकासी प्रबंध , गलियां पक्की करने आदि की योजनाएं हैं। कुछ समय के लिए कार्य प्रभावित हो रहे थे।

### छोटूराम धर्मशाला का अधर में पड़ा निर्माण होगा शुरू

पिछले 6 साल से नेशनल हाईवे नंबर 9 पर सरछोटूराम धर्मशाला निर्माण अधर में लटका हुआ है। जिस पर करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए खर्च होने हैं। सरकार को डिमांड भेजी हुई है। उम्मीद है यह राशि भी जल्द पास होगी।

**लाईब्रेरी बनाना :** कस्बे में एक लाईब्रेरी को तैयार करने की मंजूरी की फाइल भी सरकार के पास भेजी हुई है। इसके अलावा मार्केट कमेटी रोड नेशनल हाईवे सर्विस रोड से मिलाया जाएगा। वहीं बारिश में ओवरफ्लो होने वाले तालाब के पानी निकासी की व्यवस्था करने की मंजूरी की फाइल सरकार को भेजी गई थी। जिनकी अधिकतर ओपचारिकताएं पूरी हो रही हैं। इसके अलावा भी कालोनियों में सुधार करने की योजना बनाई हुई है। नगरपालिका सचिव पंकज जून का कहना है कि करोड़ों रुपए की परियोजनाएं सरकार को भेजी हुई है। अब नगरपालिका चुनाव हो गया है। शपथ लेने के बाद पहली बैठक में इन योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

## तेज हवा में गिरे बास्केटबॉल के जर्जर पोल, बड़ा हादसा टला

- हादसों के बाद भी खेल विभाग नहीं जागा, जर्जर पोलों की जांच तक नहीं करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

क्षेत्र के गांव नौनंद स्थित खेल स्टेडियम में शनिवार रात तेज हवा के चलते बास्केटबॉल के जर्जर पोल अचानक गिर गए। राहत की बात यह रही कि घटना रात के समय हुई। यदि दिन में खिलाड़ी मैदान में अभ्यास कर रहे होते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेडियम में लगे पोल लंबे समय से जर्जर हालत में थे। उनकी हालत देखकर कभी भी दुर्घटना होने की आशंका साफ दिखाई दे रही थी, लेकिन खेल विभाग ने समय रहते न तो उनकी जांच करवाई और न ही उन्हें बदलने की जरूरत समझी। अब पोल गिरने के बाद विभागीय लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में पहले भी लखनमाजरा और बहादुरगढ़ जैसे स्थानों पर खेल मैदानों में हादसे सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद खेल विभाग ने स्टेडियमों में लगे पुराने और कमजोर उपकरणों का सुरक्षा ऑडिट करवाना जरूरी नहीं समझा। नौनंद की घटना ने एक बार फिर विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।



### विभाग बड़े हादसे का कर रहा इंतजार

ग्रामीणों और खिलाड़ियों का कहना है कि विभाग शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। यदि पोल खेल के दौरान गिरते, तो कई खिलाड़ियों की जान तक जा सकती थी। लोगों ने मांग की है कि केवल खानापूर्ति के बजाय सभी खेल स्टेडियमों में लगे उपकरणों की तत्काल तकनीकी जांच करवाई जाए और जर्जर संरचनाओं को तुरंत हटाया जाए।

### खिलाड़ियों व अभिभावकों में बना रोष

घटना के बाद क्षेत्र के खिलाड़ियों और अभिभावकों में रोष बना हुआ है। उनका कहना है कि खेल सुविधाओं के नाम पर केवल घोषणाएं की जाती हैं, जबकि खिलाड़ियों की सुरक्षा को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। सरपंच मनीष सिंधु का कहना है की मौखिक स्तर पर कई बार अधिकारियो का इस बारे मे बताया गया है।

## चंदगीराम ने दलित बच्चों को किया शिक्षित : रणबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- 56वीं पुण्यतिथि पर गांधी आश्रम में हुए कई धार्मिक कार्यक्रम

गांधी आश्रम, रोहतक के संस्थापक, महान समाज सुधारक एवं स्वतंत्रता सेनानी महात्मा लाला चंदगीराम जी की 56वीं पुण्यतिथि आश्रम प्रांगण में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हवन-यज्ञ, सत्संग, भंडारा, श्रमदान और पौधरोपण जैसे अनेक सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यज्ञ में ब्रह्मा की भूमिका राव राजकुमार, धर्मदेव व संतोष कुमार ने निभाई, जबकि यजमान के रूप में गांधी आश्रम के सचिव जय भगवान रंगा और प्रमुख सेवादार अधिवक्ता प्रवीण सिंह आर्य मौजूद रहे। हवन के बाद सभी ने गांधी जी की प्रेरणा से आश्रम में श्रमदान किया। इसके बाद संत बलबीर दास, महाराज धर्मपाल दास और महाराज रामानंद ने सत्संग की अमृत वर्षा की, वहीं साध्वी हिमालय लाडली ने कुरीतियों को मिटाने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी रणबीर सिंह आर्य ने लाला चंदगीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने कठिन समय में दलित व पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षित कर उच्च पदों पर पहुँचाया। समारोह का समापन फलदार व छायादार पौधे लगाकर और भंडारे के प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर नरेंद्र आर्य, प्रोफेसर पवन चोपड़ा, नरेश पाटिल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## भाजपा की विचारधारा ने राष्ट्र निर्माण को नई दिशा दी : गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन संगठनात्मक मजबूती पर हुई चर्चा

भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस में संगठनात्मक मजबूती, कार्य विस्तार, सोशल मीडिया, राष्ट्र के समक्ष चुनौतियां तथा व्यवहारिक कार्यशैली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति तथा जनसंपर्क के प्रभावी तरीकों से अवगत कराया। प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन का शुभारंभ योग एवं प्राणायाम अभ्यास सत्र से हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। इसके उपरांत कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। दिन के पहले सत्र में कार्य विस्तार विषय पर वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश धनखड़ ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल आधार कार्यकर्ता है और संगठन की शक्ति ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। सत्र की अध्यक्षता अरविंद यादव ने की । दूसरे सत्र में महामंत्री दुष्यंत गौतम ने भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक यात्रा, राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका तथा केंद्र सरकार की विकास योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सेवा, सुशासन और राष्ट्र प्रथम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक सरिता नारायण ने की। अगले सत्र में सोशल मीडिया, आईटी एवं मीडिया विषय पर प्रदेश प्रवक्ता जवाहर यादव ने कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। मौके पर अजय बंसल, हरिओम मित्तल भाली, डॉ अशोक रंगा, अभिनंदन भारद्वाज ,नितिन, बीर सिंह हुड्डा, प्रतिभा सुमन, सरिता नारायण, राजकमल सहगल, राजकुमार शर्मा, डॉ दिनेश घिलौड,रवि हुड्डा , रणवीर सिंह , दीपू नागपाल आदि रहे।


रोहतक। कैंप के शुभारम्भ पर पहुंचे विधायक बीबी बतरा। फोटो : हरिभूमि

### निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना मानवीय कार्य : बतरा

**रोहतक।** शहर के एक फिजियोथैरेपी सेंटर में रविवार को निशुल्क ऑर्थोपेडिक एवं फिजियोथैरेपी कैंप का उद्घाटन विधायक भारत भूषण बतरा ने किया। माडल टाउन में लगे इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। विधायक भारत भूषण बतरा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोगों के शरीर से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में समाजहित में लगाए जाने वाले स्वास्थ्य कैंप बेहद सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना एक मानवीय कार्य है और इससे लोगों को समय रहते बीमारी की पहचान व उपचार का अवसर मिलता है। कैंप में विशेषज्ञ फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अमित बत्रा ने मरीजों की जांच करते हुए कहा कि आज युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में गलत बैठने-उठने की आदतों और लगातार मोबाइल-लैपटॉप के उपयोग के कारण सर्वाइकल, स्लिप डिस्क, कमर दर्द और बॉडी बैलेंस की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। डॉ. एकता मलिक ने बताया कि लोगों में घुटनों, गर्दन, कंधों, एड़ी और मांसपेशियों के दर्द की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि शरीर में अकड़न और जकड़न को नजरअंदाज करना आगे चलकर गंभीर समस्या बन सकता है।

### आनंद हत्याकांड का दूसरा आरोपी पकड़ा

**रोहतक।** जिला पुलिस की टीम ने डोभ निवासी आनंद की हत्या की वारदात मे शामिल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ़्तार किया है। अदालत के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत भेजा गया है। दीपक की शिकायत के आधार पर धारा 103(1), 3(5) बीएनएस व शस्त्र अधिनियम के तहत थाना बहु अकबरपुर में अभियोग संख्या 72/2026 अंकित कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दीपक का सबसे छोटा भाई आनंद जो किसी कंपनी मे काम करता था। 7 मई की सुबह आनंद का राहुल व पारस निवासीगण डोभ के साथ झगडा हुआ है। दीपक राहुल के घर पर पहुंचा तो बाहर आंगन मे आनंद गिरा हुआ था जिसके छाती मे गोली लगी हुई थी। दीपक व अन्य युवक आनंद को ईलाज के लिये अस्पताल लाया गया। जंहा पर उसको मृत घोषित किया गया। पुलिस ने आरोपी मंजीत को गिरफ्तार किया गया है।

परेशानी | उखड़ी परत, संकरी वन वे और जगह-जगह पर गड्ढे बने लोगों की परेशानी

खरखौदा, सोनीपत, दिल्ली और यूपी जाने वाले हजारों वाहन चालक रोज झेल रहे परेशानी स्कूल बसें भी घंटों फंस रहीं

# पांच साल से टूटी गांव भालोट की मुख्य सड़क 1400 मीटर का सफर बना जाम का जंजाल

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भालोट गांव की मुख्य सड़क पिछले करीब पांच वर्षों से बदहाल स्थिति में पड़ी है। लगभग 1400 मीटर लंबे हिस्से में सड़क इतनी टूट चुकी है कि यहां से गुजरना वाहन चालकों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी परत और संकरी वनवे व्यवस्था के कारण सुबह और दोपहर के समय भारी जाम की स्थिति बन जाती है। हालात यह हैं कि रोजाना सैकड़ों वाहन और स्कूल बसें घंटों तक जाम में फंसी रहती हैं। यह सड़क केवल गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि खरखोदा, सोनीपत, दिल्ली और उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले वाहनों के लिए भी महत्वपूर्ण मार्ग मानी जाती है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह सड़क लंबे समय से खस्ताहाल है, लेकिन इसके निर्माण की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव और टूटी सड़क के कारण अब हालात और भी खराब हो चुके हैं। सुबह के समय जब स्कूल बसें बच्चों को लेकर निकलती हैं और दोपहर में छुट्टी के समय वापस लौटती हैं, तब सड़क पर सबसे ज्यादा जाम लगता है। टूटी सड़क पर वाहन धीरे-धीरे निकलते हैं, जिससे लंबी कतारें लग जाती हैं। कई बार स्कूल बसों को काफी देर तक जाम में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे बच्चों और अभिभावकों दोनों को परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं कार्यालय जाने वाले कर्मचारी और व्यापारी भी रोजाना समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे।



### सड़क वनवे होने के कारण होती है समस्या

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क वनवे और संकरी होने के कारण समस्या और गंभीर हो जाती है। यदि एक बड़ा वाहन बीच रास्ते में फंस जाए तो पीछे लंबा जाम लग जाता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है, क्योंकि गड्ढों में पानी भरने से सड़क पूरी तरह दलदल जैसी बन जाती है। ऐसे में छोटे वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

### कई बार मांग करने के बाद भी समाधान नहीं

ग्रामीणों और वाहन चालकों ने प्रशासन से कई बार सड़क निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। लोगों का कहना है कि जब तक सड़क का पुनर्निर्माण नहीं होगा, तब तक जाम और परेशानी से राहत मिलना मुश्किल है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू करे ताकि लोगों को रोजाना की इस मुसीबत से छुटकारा मिल सके।

# सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के फैसलों की अवमानना कर रही प्रदेश सरकार : नरेश

- 30 जुलाई को सभी जिला मुख्यालयों पर होंगे विशाल प्रदर्शन, जरूरत पड़ी तो सीएम आवास पर डालेंगे डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुप्रीम कोर्ट एवं पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा सरकारी विभागों में वर्षों से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने के संबंध में दिए गए स्पष्ट निर्णयों के बावजूद हरियाणा सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने के खिलाफ सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने रविवार को कर्मचारी भवन, हनुमान कॉलोनी, सुखपुरा चौक में कच्चे कर्मचारियों की प्रदेश स्तरीय कन्वेंशन आयोजित की। कन्वेंशन की अध्यक्षता राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने की जबकि संचालन महासचिव कृष्ण नैन ने किया। कन्वेंशन में सी आई टी यू के महासचिव जय भगवान, वरिष्ठ नेता सतवीर सिंह, सीडीपीओ एसोशियसन की पूर्व राज्य प्रधान सविता मलिक उपस्थित रही । राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व महासचिव कृष्ण नैन ने कहा कि 23 व 31 दिसंबर 2025 को पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट तथा 16 अप्रैल 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसलों में सरकार को कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने के लिए नीति बनाने के निर्देश दिए थे। लेकिन सरकार आज तक उन फैसलों को लागू करने की दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं कर रही, जो न्यायपालिका के आदेशों की खुली अवमानना है। प्रदेश के एचकेआरएन सहित लगभग 2.25 लाख कच्चे कर्मचारी पिछले 10-15 वर्षों से विभिन्न सरकारी विभागों में बेहद कम वेतन पर कार्य कर रहे हैं।


रोहतक। कच्चे कर्मचारियों की प्रदेश स्तरीय कन्वेंशन को संबोधित करते सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा की ओर से रणजी और दिलीप ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया

# भारतीय टीम में रोहतक के ऑलराउंडर निशांत सिंधु का चयन, अब ट्राई सीरीज में खेलेंगे




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा के क्रिकेट प्रेमियों और विशेषकर रोहतक के लिए एक बेहद गौरवपूर्ण खबर है। रोहतक के बेहतरीन ऑलराउंडर खिलाड़ी निशांत सिंधु का चयन भारत की ए टीम में किया गया है। भारत, श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच त्रिकोणीय सीरीज खेली जाएगी। इसमें निशांत सिंधु देश की ओर से खेलेगा। यह सीरीज 9 जून से 21 जून के बीच श्रीलंका में आयोजित की जाएगी। सभी मुकाबले दांबुला के क्रिकेट मैदान में खेले जाएंगे। निशांत ने हरियाणा की ओर से रणजी ट्रॉफी और दिलीप ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया है।

निशांत का कप्तानी और नेतृत्व का रिकॉर्ड भी बेहतरीन रहा है। उन्होंने साल 2018-19 में अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में हरियाणा टीम की कप्तानी संभाली थी। उस टूर्नामेंट में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 572 रन बनाए और 23 विकेट झटके थे। उन्हीं की कप्तानी में हरियाणा ने फाइनल मुकाबले में झारखंड को पटखनी देकर खिताब अपने नाम किया था। इसके अलावा वह हरियाणा नॉर्थ जोन और आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए भी खेल चुके हैं। 2023 के आईपीएल ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 60 लाख रुपये में खरीदा था। वर्तमान में निशांत गुजरात टाइटंस का हिस्सा है।

### मुक्केबाज पिता के बेटे का, ऐसे शुरू हुआ क्रिकेट का सफर

अप्रैल 2004 में जन्मे निशांत, सुनील सिंधु के इकलौते बेटे हैं। उनके पिता सुनील सिंधु खुद राज्य स्तर के मुक्केबाज रह चुके हैं और शुरुआत में वे निशांत को भी एक बॉक्सर ही बनाना चाहते थे। लेकिन जब निशांत महज तीन साल के थे, तब उन्हें लकड़ी के बैट और प्लास्टिक की गेंद से खेलते देख पिता को अहसास हो गया कि बेटे का भविष्य क्रिकेट की पिच पर है।6 साल की उम्र में निशांत ने शीला बाईपास स्थित एक क्रिकेट एकेडमी में ट्रेनिंग शुरू की। इसके बाद उन्होंने झज्जर रोड पर कोच अश्वनी शर्मा के मार्गदर्शन में अभ्यास करना शुरू किया और अपनी बारीकियों को सुधारा। साल 2022 में उनकी किस्मत ने तब बड़ा मोड़ लिया जब उन्हें भारत की अंडर-19 राष्ट्रीय टीम में जगह मिली। मूल रूप से रोहतक के नैनंद गांव के रहने वाले निशांत का परिवार पिछले 42 सालों से रोहतक के शीतल नगर में रह रहा है। उनकी मां वंदना एक निजी स्कूल में अध्यापिका हैं। निशांत के इस शानदार चयन से उनके परिवार और पूरे खेल जगत में खुशी की लहर है।

### अंडर-19 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का भी हिस्सा रहा है निशांत

सिंधु निशांत 2022 में वेस्टइंडीज में हुए अंडर-19 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के भी अहम सदस्य थे, जहां उन्होंने कुछ मैचों में कप्तानी भी की और 5 मैचों में 6 विकेट चटकाए थे।

### सीरीज का पूरा शेड्यूल

)9 जून 2026: इंडिया ए बनाम श्रीलंका ए, 11 जून 2026: इंडिया ए बनाम अफगानिस्तान ए, 13 जून 2026: अफगानिस्तान ए बनाम श्रीलंका ए, 15 जून 2026: इंडिया ए बनाम श्रीलंका ए, 17 जून 2026: इंडिया ए बनाम अफगानिस्तान ए, 19 जून 2026: अफगानिस्तान ए बनाम श्रीलंका ए, 21 जून 2026: ट्राई-सीरीज फाइनल

### निशांत की बल्लेबाजी व गेंदबाजी के आंकड़े

फर्स्ट क्लास के 34 मैचों की 57 पारियों में निशांत ने 2030 रन बनाने के अलावा 82 विकेट लिए हैं। इसमें उनका सर्वोत्तम स्कोर 165 रन है। लिस्ट ए के 43 मैचों की 34 पारियों में उन्होंने 812 रन बनाने के अलावा 52 विकेट लिए हैं। इसमें इनका उच्चतर स्कोर 88 रन है। वहीं, टी-20 के 41 मैचों की 36 पारियों में निशांत ने 801 रन बनाए और 21 विकेट लिए हैं। इसमें इनका उच्चतर स्कोर नाबाद 100 रन रहा है।

### 8वीं वर्ल्ड क्वान की डो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे नवीन कुमार



रोहतक। जिले के गांव मोखरा निवासी नवीन कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर अपने जिले, प्रदेश और पूरे देश का मान बढ़ाया है। नवीन कुमार आगामी 20 मई से 24 मई तक रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में आयोजित होने जा रही आठवीं विश्व क्वान की डो चैंपियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। क्वान की डो वियतनाम की एक प्रसिद्ध मार्शल आर्ट (युद्ध कला) का नाम है। बुखारेस्ट के प्रसिद्ध कॉम्प्लेक्स स्पोर्टिफ सैले पॉलीवैलेंटे डायनामो में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ी अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। विशेष बात यह है कि नवीन कुमार हरियाणा के ऐसे दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्हें इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ है।

#### बेहतरीन खिलाड़ी के साथ समर्पित मार्गदर्शक भी हैं नवीन

नवीन कुमार न केवल खुद एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, बल्कि वे एक समर्पित शिक्षक और मार्गदर्शक की भूमिका भी बखूबी निभा रहे हैं। उन्हें एक सरकारी स्कूल में खेल नर्सरी प्राप्त है, जहाँ वे बतौर मार्शल आर्ट कोच (प्रशिक्षक) युवा खिलाड़ियों को तैयार कर रहे हैं। अपनी नौकरी की जिम्मेदारियों को निभाते हुए एक तरफ बच्चों को मार्शल आर्ट्स के गुर सिखाना और दूसरी तरफ खुद को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार रखना, उनकी कड़ी मेहनत, अटूट अनुशासन और खेल के प्रति उनके असाधारण समर्पण को दर्शाता है।

नवीन कुमार ने कहा, विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना और बच्चों को खेल से जोड़ना मेरे लिए बेहद गर्व और सम्मान की बात है। मैं पूरी मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास के साथ रिंग में उतरूंगा ताकि देश के लिए मेडल जीतकर तिरंगा लहरा सकूं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और साथियों के सहयोग को दिया। इसके साथ ही उन्होंने क्वान की डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. देवेंद्र सिंह दुल, जनरल सेक्रेटरी कैप्टन सुमित दुल, सतीश दुल तथा एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और सही मार्गदर्शन की बदौलत उन्हें यह ऐतिहासिक अवसर मिला है।



रोहतक। दांव पेंच लगाता संदीप। फोटो: हरिभूमि

### गांव खेड़ी साध के संदीप का दंगल

## साइकिल से अखाड़े के सफर ने दिला दिया वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज का टिकट

रोहित डागर ▸▸| रोहतक

एक समय था जब रोहतक के गांव खेड़ी साध निवासी पहलवान संदीप के परिवार में दूर-दूर तक कोई पहलवानी नहीं करता था। जब उन्होंने कुश्ती की शुरुआत की, तो घर वाले अक्सर हरियाणवी में टोकते हुए कहते थे के करेगा कुश्ती लड़कै। लेकिन संदीप ने अपने जुनून, कड़ी मेहनत और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकाया है। संदीप ने अभी हाल में नेशनल रैंकिंग सीरीज में स्वर्ण पदक जीता था। इसी आधार पर उनका चयन वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में हुआ है।

#### कड़ा अभ्यास

संदीप के इस मुकाम तक पहुंचने के पीछे उनकी अटूट तपस्या है। वे रोज सुबह-शाम अपने गांव खेड़ी साध से साइकिल चलाकर मेहर सिंह अखाड़े पहुंचते थे। चाहे मौसम भीषण गर्मी का हो या कड़ाके की ठंड का, उन्होंने कभी भी अपने अभ्यास (प्रैक्टिस) से समझौता नहीं किया। कोच रणबीर ढाका की देखरेख में घंटों पसीना बहाकर संदीप ने आज यह मुकाम हासिल किया है।

#### प्रमुख उपलब्धियां

2015 व 2016 में सब जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। 2017 में सब जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2019 में अंडर-23 नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2020 में सब जूनियर में कांस्य पदक जीता। 2021 में सीनियर एशियन व वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया।

#### गुरुकुल से जागा कुश्ती का जज्बा

संदीप ने बताया कि उनकी कुश्ती के सफर की शुरुआत साल 2014 में हुई थी। जब वे गुरुकुल में रहते थे, तो वहां बच्चों को कुश्ती खेलते देखते थे। जब अखाड़े के पदक विजेता खिलाड़ी गांव आते और उनका भव्य स्वागत होता, तो उसे देखकर संदीप के मन में भी देश के लिए खेलने का जज्बा जागा। उन्होंने तभी ठान लिया था कि वे कुश्ती में नाम कमाएंगे। शुरुआत में हिचकिचाहट के बाद परिजन उनकी इस जिद के आगे मान गए और फिर पूरे परिवार ने उनका पूरा सहयोग किया। संदीप के पिता कृष्ण किसान हैं और मां सरला एक गृहणी हैं। संदीप की मेहनत का ही परिणाम था कि साल 2019 में उनकी भारतीय सेना में नौकरी लग गई थी। वर्तमान में वे सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत हैं और देश की सेवा कर रहे हैं।

मार्केट न्यूज

### अथर्व आयुर्वेद पेन क्लिनिक का शुभारंभ




रोहतक। अथर्व आयुर्वेद द्वारा शिवाजी कॉलोनी स्थित गुरूद्वारा के सामने अथर्व पेन क्लिनिक का शुभारंभ रविवार प्रातः 11 बजे किया गया। अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल व एचजीएस मेमौरियल हॉस्पिटल के सहयोग से शुरू हो रहे इस पेन क्लिनिक में पुराने व जटिल दर्दों का आयुर्वेदिक एवं हर्बल उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यहां मरीजों को बिना साइड इफेक्ट के प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से उपचार दिया जाएगा। क्लिनिक में कमर दर्द, घुटनों का दर्द, गर्दन दर्द, साइटिका, जोड़ों का दर्द तथा अन्य क्रॉनिक पेन समस्याओं का विशेष इलाज किया जाएगा। अथर्व आयुर्वेद के आयुर्वेदिक पेन कंसल्टेंट एवं फिजिशियन डॉ. डैनिश खीथा ने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को आधुनिक जीवनशैली से बढ़ रही दर्द संबंधी समस्याओं से राहत दिलाना है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ बनाने में सहायक है और इसके परिणाम लंबे समय तक प्रभावी रहते हैं। संस्थान का दावा है कि अथर्व आयुर्वेद रोहतक की पहली और बेहतरीन आयुर्वेदिक सुविधाओं में से एक है, जहां 80 बेड की सुविधा, टीपीए एवं सरकारी पैनल की सेवाएं उपलब्ध हैं। उद्घाटन समारोह में शहर के गणमान्य लोग, चिकित्सक और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## जाट शिक्षा समिति चुनाव: प्रधान गुलाब सिंह दिमाना पैनल की जीत, तीनों कॉलेजों की सभी 33 सीटों पर जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



रोहतक। चुनाव जीत के बाद खुशी मनाते प्रधान गुलाब सिंह दिमाना व अन्य नए गवर्निंग बॉडी सदस्य। फोटो: हरिभूमि

जाट शिक्षा समिति रोहतक द्वारा संचालित तीन सरकारी सहायता प्राप्त (एडेड) कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी के लिए रविवार को हुए चुनाव में संस्था के वर्तमान प्रधान गुलाब सिंह दिमाना के पैनल ने एकतरफा ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। तीनों कॉलेजों की 11-11 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए चुनाव लड़ रहे दिमाना पैनल के सभी 33 उम्मीदवारों ने भारी मतों से विजय हासिल की, जिसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह राणा द्वारा सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को जीत के प्रमाण पत्र सौंपे गए। चुनाव अधिकारी ने नतीजों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की गवर्निंग बॉडी कार्यकारिणी सदस्य के लिए रोड रोलर चुनाव चिन्ह वाले सभी 11 प्रत्याशी विजयी रहे, जिनमें आजाद सिंह, कांता देवी, कृष्ण, जितेंद्र, जितेंद्र सिंह, जोगिंद्र सिंह, दिलबाग सिंह, धरमवीर, प्रदीप मलिक, बिजेंद्र दांगी व विजेंद्र सिंह शामिल हैं। इसी प्रकार सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन की गवर्निंग बॉडी कार्यकारिणी सदस्य के लिए भी रोड रोलर चुनाव चिन्ह वाले प्रत्याशी अशोक कुमार, जय भगवान, तारीफ, राजपाल, रोहतास, वेदपाल, वेदपाल, संजय कुमार, सतीश कुमार, सत्यवीर और सुनील कुमार को विजयी घोषित किया गया। इसके साथ ही ऑल इंडिया जाट हीरोज मेमोरियल कॉलेज की कार्यकारिणी सदस्य गवर्निंग बॉडी के लिए भी रोड रोलर चुनाव चिन्ह वाले प्रत्याशी अरविंद, कपूर सिंह, कृष्ण सिंह, जयकुमार, पवन सिंह, महिपाल, रामफल सिंह, समरजीत सिंह, सुखबीर, सुनील कुमार व सुरेंद्र कुमार ने शानदार जीत दर्ज की।

#### सभी का आभार जताया

तीनों कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी के कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव पूरी तरह से शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न होने पर जाट शिक्षा संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, उप प्रधान धर्मराज और महासचिव एडवोकेट नवदीप मोनू ने सभी कॉलेजियम सदस्यों, आजीवन सदस्यों, समाज के प्रबुद्ध लोगों और प्रदेश सरकार व प्रशासन का विशेष आभार जताया।

### रोहतक की डॉ. सुनैना दलाल सांगवान बनीं ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय शूटिंग संस्था की सचिव



रोहतक। शहर की बेटी डॉ. सुनैना दलाल सांगवान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारत और हरियाणा का गौरव बढ़ाया है। ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शूटिंग संस्था टारगेट पिस्टल ऑस्ट्रेलिया ने अपने नए नेतृत्व दल की घोषणा की है। जिसमें डा. सुनैना दलाल सांगवान को संगठन का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार मिशैल सैंडस्टॉर्म को अध्यक्ष और पॉल स्टीन व लिंडा रायन को उपाध्यक्ष, डा. सुनैना दलाल सांगवान को सचिव तथा कैरी एन करलिक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुनैना दलाल सांगवान मैनेजमेंट में पीएचडी धारक हैं और वे संगठन की कार्यकारी टीम में नई सोच, ऊर्जा और उत्साह लेकर जुड़ रही हैं। संगठन ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से ऑस्ट्रेलिया में टारगेट पिस्टल शूटिंग को नई दिशा मिलेगी। रोहतक की बेटी की इस उपलब्धि से हरियाणा और भारतीय समुदाय में खुशी का माहौल है। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता की पहचान भी है। डॉ. सुनैना दलाल का परिवार अब भी शहर की कमल कॉलोनी में रहता है।

### चौ लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम का 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



रोहतक। चौ लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम के बच्चों ने इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रोशन किया है। आश्रम का इस बार का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) रहा। आश्रम से इस वर्ष 10वीं कक्षा में कुल 6 छात्रों ने परीक्षा दी थी और यह सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें से एक छात्र सागर ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष सफलता हासिल की है। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर आश्रम के समस्त स्टाफ एवं प्रबंधन ने सभी बालकों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। छात्रों की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए मन्त्री युवराज ने मैनेजर संदीप को विशेष निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के आगामी भविष्य और आगे की पढ़ाई के लिए बाल संरक्षण अधिकारी तथा बाल कल्याण समिति से उचित सलाह व निर्देश लेकर कार्य किया जाए, ताकि बच्चों को सही मार्गदर्शन मिल सके। इन छात्रों को इस मुकाम तक पहुँचाने और उनकी सफलता में राजरूप राठी व रविन्द्र सिंह का योगदान बेहद सराहनीय रहा, जिनकी देखरेख और मेहनत की बदौलत बच्चों ने यह परिणाम हासिल किया।

■ सभी छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए

### बहलबा के सरस्वती स्कूल का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

महम। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए नतीजों में सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहलबा का दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। बारहवीं में रश्मि पुत्री अजय ने 466 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रिंसिपल मुकेश राठी ने बताया कि बारहवीं में 44 बच्चों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 19 ने मैरिट सूची में नाम दर्ज करवाया है। दसवीं में मनीष पुत्र मोहन ने 465 अंक प्राप्त करके कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दसवीं में 15 विद्यार्थियों ने मैरिट हासिल की है। विद्यालय निदेशक सुरेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



## उच्च शिक्षण संस्थानों के निरीक्षण के लिए समिति गठित

शिक्षण गतिविधियों और संसाधनों की होगी समीक्षा, सुविधाओं और शिक्षण गतिविधियों की गुणवत्ता में सुधार लाना मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा सरकार ने राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में बुनियादी सुविधाओं और शिक्षण गतिविधियों की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार शिक्षण संस्थानों का औपचारिक निरीक्षण करने के लिए अधिकारियों की एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जाकर व्यवस्थाओं का आकलन करेगी और आवश्यक सुधार संबंधी सुझाव देगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार की ओर से जारी पत्र के अनुसार यह आदेश पंचकूला से जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में बुनियादी सुविधाओं और शैक्षणिक गतिविधियों की गुणवत्ता को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए निरीक्षण प्रणाली को मजबूत करने का निर्णय लिया गया है।

#### सहयोग के दिए निर्देश

यह आदेश हरियाणा के सभी राज्य और निजी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार, सरकारी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों, संबद्ध कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और स्व-वित्तपोषित कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को भेजा गया है। समिति में शिक्षा मंत्री के पीएस करण सिंह, आईआईएसएचईसी की सदस्य डॉ. सतरूप ढांडा और शिक्षा मंत्री के पीए प्रदीप जगलान को शामिल किया गया है।

#### औपचारिक दौरे तक सीमित नहीं रहेगी

निरीक्षण समिति केवल औपचारिक दौरे तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि संस्थानों की संपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा करेगी। समिति कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था, संसाधनों और बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करेगी। समिति कक्षाओं, भवनों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, शौचालयों, पेयजल और विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण कर सकती है। इसके अलावा शिक्षकों की उपलब्धता, रिक्त पदों की स्थिति और पढ़ाई की गुणवत्ता भी जांच के दायरे में रहेगी। नियमित कक्षाओं का संचालन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, टाइम टेबल और शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा भी की जा सकती है।

### श्रीबालाजी धाम डोभ में भव्य संकीर्तन 89वीं पैदल ध्वजा यात्रा का स्वागत

रोहतक। भिवानी रोड स्थित श्रीबालाजी धाम, गांव डोभ में शनिवार को भव्य संकीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के भजनों पर भक्ति भाव से सहभागिता की। भजन गायक विनोद गुप्ता, अमन कौशिक और सुनील शर्मा ने सुंदर भजनों का गुणगान किया, जबकि रिंकू महादेव द्वारा आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी गई। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धाम में संकीर्तन, भंडारा और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाता है। शिविर में आंख, दांत, फिजियोथेरेपी, मेडिसिन और देशी वैद्य द्वारा उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। जरूरतमंदों को दवाइयां और चश्मे भी निशुल्क वितरित किए जाते हैं। इस दौरान इंदरजीत भगत और उनके परिवार द्वारा मीठे पानी और जलजीरा की छबील लगाई गई। वहीं शनि देव मित्र मंडल तेज कॉलोनी एवं भक्तजनों द्वारा दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से 89वीं पैदल ध्वजा यात्रा निकाली गई, जिसका धाम पहुंचने पर स्वागत किया गया। भक्त जय श्रीराम के जयकारों और भजनों के साथ धाम पहुंचे।

कार्यक्रम | पीजीआईएमएस में पहली हरियाणा स्टेट गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी कॉन्फ्रेंस सम्पन्न

## ओपीडी में आने वाली सभी महिलाओं को कैंसर बचाव के उपाय बताएं: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

एसोसिएशन ऑफ गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया हरियाणा चैप्टर और गायनेकोलॉजी विभाग पीजीआईएमएस के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एलटी-5 में एक दिवसीय फर्स्ट हरियाणा स्टेट गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के साइंटिफिक प्रोग्राम से हमारा ज्ञान वर्धन होता है और इसका सीधा फायदा मरीजों को मिलता है। उन्होंने कहा फर्स्ट हरियाणा स्टेट गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी कॉन्फ्रेंस से एक नई शुरुआत हुई है और अब हर साल ऐसी कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि प्रिवेंटिव उपायों के बारे में मरीजों को जागरूक करना हमारी ड्यूटी है। बचाव सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है उसके लिए हमें बीमारी के लक्षण बताने चाहिए।

डॉ अग्रवाल ने सभी महिला रोग विशेषज्ञों से आग्रह किया कि ओपीडी में आने वाली सभी महिलाओं को कैंसर से बचाव के उपाय जिसमें टीकाकरण सबसे अहम है उसकी जानकारी अवश्य दें। सभी को बताए कि कैंसर से घबराए नहीं बल्कि उन्हें प्यार से इसकी पूरी जानकारी दें और उन्हें उदाहरण देकर समझाए कि कई बड़ी सेलेब्रिटी कैंसर को हरा चुकी है तो ऐसे में आप भी कैंसर को हरा कर एक सामान्य जीवन की सकती हैं।

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि एक प्लेटफॉर्म में जहां सर्जरी, कीमो एक छत के नीचे उपलब्ध है। आने वाले समय में रोबोटिक की भी हेल्प मिलेगी। हमारा प्रयास है पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिले। कॉन्फ्रेंस की चेयरपर्सन डॉ पुष्पा दहिया ने बताया कि कॉन्फ्रेंस की शुरुआत पेपर व पोस्टर सेशन से हुई। उन्होंने एचपीवी वैक्सीनेशन पर विस्तृत जानकारी देते हुए सभी का धन्यवाद व्यक्त किया और आज के साइंटिफिक प्रोग्राम में मॉडर्न एडवांसेज के बारे में सीखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि जननांग अंगों से संबंधित जितने भी कैंसर हैं, उनके बारे में आज विस्तार से चर्चा हुई। डॉ पुष्पा ने कहा कि सबको बताएं एचपीवी वैक्सीन सेफ है।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल को सम्मानित करती चेयरपर्सन डॉ पुष्पा दहिया,डॉ. मीनाक्षी चौहान,डॉ. भाग्यलक्ष्मी व निदेशक डॉ एस के सिंघल। फोटो: हरिभूमि

#### कैंसर की जागरूकता सबसे जरूरी

डॉ. रुपेंद्र सेखो ने मॉडर्न एडवांसेज के बारे में बताया। डॉ संजय ने अंत में सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर निदेशक डॉ एस के सिंघल, डीन डॉ अशोक चौहान, चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुंदन मित्तल, डॉ वंदना, डॉ नीतू सांगवान, डॉ ऋतु हुड्डा, डॉ सोनिया, डॉ मोनिका, डॉ निशु,डॉ रूपा, डॉ लतिका भी उपस्थित रहे।

#### बचाव ही सबसे बड़ा हथियार

उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों ने एचपीवी वैक्सीन, जल्द जांच और जागरूकता को ही महिला कैंसर से बचाव का सबसे बड़ा हथियार बताया। कॉन्फ्रेंस की चेयरपर्सन ओर हरियाणा चैप्टर की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंघल ने कहा कि आज यहां आने का हमारा उद्देश्य है एक साथ मिलकर कैंसर से लड़ना। उन्होंने कहा कि आज पहली हरियाणा स्टेट गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी कॉन्फ्रेंस हो रही है। उन्होंने कहा कि मरीज को प्यार से समझाकर और कैंसर से ठीक हुए लोगों का उदाहरण देकर बताना है कि जब वो ठीक हो गए तो आप भी ठीक हो जाओगे। डॉ. सविता सिंघल ने कहा कि बच्चेदानी का कैंसर बढ़ रहा है। उन्होंने जेस्टेशनल ट्रोफोब्लास्टिक नियोप्लाजिया पर व्याख्यान दिया। उड़ीसा से आई डॉ. भाग्यलक्ष्मी ने वुल्वेक्टॉमी और वैजिनेक्टॉमी पर प्रस्तुति दी। सेक्रेटरी ओंको कॉन्फ्रेंस डॉ. भाग्यलक्ष्मी ने जनांग कैंसर के बारे में व्याख्यान दिया। कॉन्फ्रेंस की सह चेयरपर्सन डॉ. मीनाक्षी चौहान ने एनएसीटी वर्सेज अपफ्रंट सर्जरी इन सीए ओवरी में ऑर्गन स्पेसिफिक ऑन्कोलॉजी पर व्याख्यान दिया। राजीव गांधी हॉस्पिटल स्त्री विभाग की अध्यक्ष डॉ. वंदना जैन ने सेंटिनल लिम्फ नोड मैपिंग पर विस्तार से चर्चा की।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

झुलसा देने वाली गर्मी से राहत पाने की कवायद

# हाय! गर्मी नेक-मिनी फैन जैसे हाइटेक गैजेट्स दे रहे ठंडक

## फाइव स्टार एसी, स्टील और जंबो कूलर की भी भारी डिमांड

- बच्चे और महिलाएं रिचार्जेबल पोर्टेबल फैन को कर रहे पसंद
- जंबो और हाई-स्पीड कूलरों की बिक्री में भारी इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हाई-स्पीड कूलर दिखाता दुकानदार





खास खबर

लगातार बढ़ते तापमान और झुलसा देने वाली गर्मी के बीच अब लोगों ने राहत पाने के लिए पारंपरिक साधनों के साथ-साथ नए जमाने के हाईटेक गैजेट्स का सहारा लेना शुरू कर दिया है। बाजार में इस समय छोटे-छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की भरमार है, जो लोगों को घर से बाहर भी ठंडक का एहसास करा रहे हैं। खासकर गले में पहनने वाले मिनी फैन, पोर्टेबल कूलर और हैंड फैन लोगों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। व्यापारी शांतनु सैनी ने बताया कि महिलाओं और युवाओं के बीच इन दिनों नेक फैन यानी गले में पहनने वाले छोटे पंखों का खासा क्रेज देखने को मिल रहा है। यह फैन दोनों ओर छोटे जालीदार पंखों के साथ आते हैं, जो सीधे चेहरे और गर्दन की तरफ ठंडी हवा देते हैं। बाजार में ये फैन अलग-अलग डिजाइनों और रंगों में उपलब्ध हैं। लोग इन्हें बाजार, यात्रा, पार्क या रोजमर्रा के काम के दौरान आसानी से इस्तेमाल कर रहे हैं। खास बात यह है कि ये रिचार्जेबल होते हैं और कई घंटों तक चलते हैं। दूसरी ओर बच्चों में छोटे हाथ वाले मिनी फैन काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। रंग-बिरंगे और कार्टून डिजाइन वाले ये पंखे बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं। कई बच्चे बाजारों और कॉलोनियों में इन्हें हाथ में लेकर घूमते नजर आ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ इन उत्पादों की बिक्री में लगातार इजाफा हो रहा है।



- बच्चों में छोटे हाथ वाले मिनी फैन लोकप्रिय

### ये कर रहे आकर्षित



बाजार में इंपोर्टेड इलेक्ट्रॉनिक सामान भी तेजी से पहुंच रहा है। छोटे यूएसबी फैन, टेबल कूलर, पोर्टेबल एयर कंडीशनर और बैटरी से चलने वाले उपकरण युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ-साथ स्थानीय बाजारों में भी इनकी अच्छी खासी बिक्री हो रही है। अब लोग ऐसे उपकरण तलाश रहे हैं जिन्हें कहीं भी आसानी से इस्तेमाल किया जा सके। गर्मी का असर बढ़ने के साथ आने वाले दिनों में इन गैजेट्स और कूलिंग उपकरणों की मांग और बढ़ने की संभावना है।

### स्टील बॉडी वाले कूलर ज्यादा टिकाऊ

व्यापारी धीरज गांधी ने बताया कि कूलरों की बात करें तो अब बाजार में पुराने साधारण कूलरों की जगह जंबो और हाई-स्पीड कूलरों ने ले ली है। बड़े आकार के ये कूलर अधिक हवा देने के साथ कम समय में पूरे कमरे को ठंडा करने का दावा कर रहे हैं। लेकिन फिर भी मार्केट बूम नहीं कर पा रही है। कई कंपनियां इन कूलरों में ऑटो स्विंग, हनीकॉम्ब पैड और इनवर्टर सपोर्ट जैसी सुविधाएं भी दे रही हैं। दुकानदारों के अनुसार इस बार स्टील बॉडी वाले कूलरों की मांग भी बनी हुई है, क्योंकि लोग इन्हें ज्यादा टिकाऊ मानते हैं। हालांकि अभी उनकी बिक्री में बहुत बड़ी उछाल देखने को नहीं मिली है।

## घिलौड़ कलां में पेयजल संकट गहराया

# महिलाएं खाली मटके लेकर सरपंच के घर पहुंचीं, जमकर लगाए नारे



रोहतक। सरपंच के घर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करतीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

- रोहतक डिस्ट्रीब्यूट्री व जेएलएन नहर से पानी सप्लाई बाधित
- ग्रामीण निजी टैंकरों से पानी खरीदने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

घिलौड़ कलां गांव में पेयजल संकट गंभीर होता जा रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि गांव के लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या से परेशान महिलाओं ने विरोध स्वरूप मटके उठाए और सरपंच के घर पहुंचकर अपना रोष जताया। ग्रामीणों ने जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के जलघर में पानी की आपूर्ति के लिए इस समय एक बूंद पानी भी उपलब्ध नहीं है। गांव में पेयजल सप्लाई के लिए जलघर के टैंक रोहतक डिस्ट्रीब्यूट्री से भरे जाते हैं, लेकिन वर्तमान में डिस्ट्रीब्यूट्री में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है। बताया जा रहा है कि रोहतक डिस्ट्रीब्यूट्री में पानी की आपूर्ति जेएलएन नहर से होती है और जेएलएन में पानी 27 मई तक आने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में गांववासियों की चिंता बढ़ गई है कि तब तक पेयजल संकट और गंभीर रूप ले सकता है। ग्रामीण निजी टैंकरों से पानी खरीदने को मजबूर

### पानी की दिक्कत नहीं होने पाएगी

गांव में पेयजल आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर पानी की व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से पानी का समझदारी से उपयोग करने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि किसी को भी पेयजल संकट का सामना नहीं करने दिया जाएगा।
-अनिल देशवाल सरपंच

## खबर संक्षेप

### नियमों की अवहेलना पर 150 वाहन चालकों के चालान काटे

रोहतक। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग जगहों पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की गई। अभियान में दो वाहनों में बैठे युवकों को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पकड़ा गया, जिनके खिलाफ 172(2) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 150 वाहन चालकों के चालान भी किए गए। पुलिस ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

नीट पेपर लीक के विरोध में एआईडीवाईओ का प्रदर्शन

# एनटीए को भंग करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर रविवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गनाइजेशन (एआईडीवाईओ) के कार्यकर्ताओं ने हुडा सिटी पार्क, नए बस स्टैंड के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बलवान सिंह ने किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और परीक्षा प्रणाली के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए बलवान सिंह ने कहा कि नीट पेपर लीक की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच करवाई जाए तथा दोषियों को ऐसी सख्त सजा दी जाए जो भविष्य के लिए मिसाल बने। एआईडीवाईओ ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को तत्काल भंग करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में हरीश कुमार, बृजमोहन, नैना सिंह, वजीर सिंह, संदीप सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।




रोहतक। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन करते ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गनाइजेशन के कार्यकर्ता।

एआईयूटीयूसी की राज्य स्तरीय बैठक में मजदूर के मुद्दों पर मंथन

# लेबर कोड व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों की हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केंद्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी की राज्य स्तरीय विस्तृत बैठक रविवार को बस अड्डे के सामने स्थित हुडा पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के राज्य अध्यक्ष कामरेड राजेंद्र सिंह ने की। इसमें विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों, स्कीम वर्करों और पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा आगामी 25 अक्टूबर को रोहतक में प्रस्तावित महापंचायत को सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य सचिव कामरेड हरि प्रकाश ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चार नए लेबर कोड लागू कर श्रम कानूनों को निष्क्रिय कर दिया गया है, जिससे मजदूरों के अधिकार कमजोर हुए हैं। सरकार बड़े पूंजीपतियों के हितों पर कार्य कर रही है।



रोहतक। बैठक को संबोधित करते राज्य सचिव कामरेड हरि प्रकाश।

### महापंचायत में अधिक भागीदारी की अपील

बैठक में राज्य सचिव हरि प्रकाश ने कहा कि मनरेगा, भवन निर्माण और सफाई कर्मचारियों सहित कई वर्गों के मजदूर भ्रष्टाचार और उपेक्षा से परेशान हैं। दमकल विभाग कर्मचारियों की समस्याओं को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। मुख्य वक्ता कामरेड सत्यवान ने आरोप लगाया कि सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी है, जबकि मजदूर, किसान और कर्मचारी महंगाई व बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। उन्होंने 25 अक्टूबर को रोहतक में होने वाली प्रदेश स्तरीय महापंचायत में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की।

# सांघी में घुटनों और कमर दर्द के 18 मरीजों को जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से रविवार को सांघी गांव स्थित बीपी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर में घुटनों और कमर दर्द से संबंधित समस्याओं के लिए निशुल्क जांच शिविर लगाया गया। शिविर में गांव और आसपास के क्षेत्रों से आए 18 मरीजों ने अपनी जांच करवाई और विशेषज्ञों से परामर्श लिया। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हर सप्ताह इस प्रकार के निशुल्क कैंप आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि सेंटर का संचालन समाजसेवी राजेश जैन की देखरेख में किया जा रहा है, जिन्होंने करीब दो वर्ष पहले इस सेंटर का शुभारंभ करवाया था। इसके बाद से यहां ग्रामीण मरीजों का आधुनिक मशीनों के माध्यम से कम खर्च में इलाज किया जा रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# विपक्ष की लोगों को जातियों में बांटने की साजिश: जवाहर यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता जवाहर यादव रविवार को बहु अकबरपुर गांव के समीप स्थित एक निजी वेटरनरी कॉलेज में आयोजित भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, राष्ट्र सेवा और सामाजिक समरसता पर विस्तार से अपने विचार रखे। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने की। अपने संबोधन में जवाहर यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्रहित और जनसेवा की राजनीति करती है, जबकि विपक्षी दल लंबे समय से जाति आधारित राजनीति करके समाज में वर्गों और समुदायों के बीच दूरी बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब देश और प्रदेश की जनता जातिवाद की राजनीति को पूरी तरह समझ चुकी है और आने वाले समय में इस प्रकार की राजनीति नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार जनहित में लगातार ऐतिहासिक निर्णय ले रही है।



### सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करें

जवाहर यादव ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का अधिक से अधिक सकारात्मक उपयोग करें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और नीतियों का प्रचार-प्रसार आम जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया जनजागरण का प्रभावी माध्यम बन चुका है और पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे तथ्यात्मक और सकारात्मक जानकारी समाज तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्य विस्तार से चर्चा हुई।

अनुबंध अनुदेशक संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक

# अमित ढिल्लो फिर बने प्रदेश अध्यक्ष

रोहतक। सर्व आईटीआई अनुबंध अनुदेशक संघ हरियाणा की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को पंडित श्रीराम शर्मा पार्कमें आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष अमित ढिल्लो ने की। इसमें प्रदेशभर से अनुबंध अनुदेशकों ने भाग लिया और संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मीटिंग के दौरान यूनियन द्वारा अब तक किए गए संघर्षों, संगठनात्मक गतिविधियों और कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अमित ढिल्लों पर पुनः भरोसा जताते हुए उन्हें दोबारा सर्व आईटीआई अनुबंध अनुदेशक संघ हरियाणा का प्रदेशाध्यक्ष चुना। नई कार्यकारिणी में संजय मुंडे को प्रदेश महासचिव, जितेंद्र बड़क को प्रदेश उपाध्यक्ष, दयाराम को प्रदेश कोषाध्यक्ष तथा मोहन सुथार को प्रेस प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सदीप रोहिल्ला और मंदीप को सदस्य बनाया गया। इसके अलावा कर्मबीर सिंह को रोहतक जोन प्रधान और दिलबाग सिंह को अंबाला जोन प्रधान नियुक्त किया गया। महेंद्र राठौड़ और कमलजीत को संगठन की लीगल टीम में शामिल किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठन की एकता और कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## पीजीआईएमएस में 'टीबी डायग्नोसिस एंड मैनेजमेंट' पर राष्ट्रीय सीएमई

दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, बुखार और वजन घटना टीबी के लक्षण

# सभी जिलों में शुरू होगी ब्रोंकोस्कॉपी, बिगड़ी हुई टीबी के मरीजों की पहचान होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान को धार देने के लिए पीजीआईएमएस रोहतक में रविवार को डॉ ध्रुव चौधरी द्वारा राष्ट्रीय स्तर की सीएमई कॉन्फ्रेंस आयोजित करवाई गई। ट्यूबरकुलोसिस डायग्नोसिस एंड मैनेजमेंट द इमर्जिंग पैराडाइम विषय पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में देशभर से आए टीबी विशेषज्ञों ने हरियाणा को जल्द टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया। पीजीआईएमएस और स्टेट ट्यूबरकुलोसिस सेल, एनटीईपी हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में सुश्रुत ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल रहे।



रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि प्रदेश के सभी जिलों में ब्रोंकोस्कॉपी शुरू की जाएगी, जिससे बिगड़ी हुई टीबी के मरीजों की पहचान आसान हो जाएगी और फिर उनका उपचार किया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि आज यहां पीजीआई के चार विभाग स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर इतनी अच्छी कॉन्फ्रेंस करवा रहे हैं। आज बहुत अच्छी थीम का चयन किया गया है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की कॉन्फ्रेंस हमारा ज्ञान बढ़ाती है और साइंटिफिक एविडेंस के बारे में पता चलता है। पीजीआईएमएस जैसे संस्थान प्रदेश के डॉक्टरों की ट्रेनिंग में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। डॉ अग्रवाल ने कहा कि आज यहां से लिए गए ज्ञान का फायदा सीधा प्रदेश के मरीजों को मिलेगा। डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि हमें टीबी की कड़ी को तोड़ना है, तभी हम इसको खत्म कर पाएंगे और उसके लिए जरूरी है इसके मरीजों की जल्दी पहचान।

### एआई आधारित एक्स-रे जांच जैसी नई तकनीकें अहम भूमिका निभाएंगी

निदेशक डॉ. सुरेश शहगल ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं और एआई आधारित एक्स-रे जांच जैसी नई तकनीकें इसमें अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने इंडोर मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए विशेष टीम बनाने की बात कही। डीजीएचएस डॉ. मनीष बंसल ने बताया कि जल्द ही सभी जिलों में ब्रोंकोस्कॉपी सुविधा शुरू होगी, जिससे गंभीर टीबी मरीजों की पहचान आसान होगी। वहीं डॉ. ध्रुव चौधरी ने कहा कि सावधानी और समय पर जांच से टीबी को नियंत्रित किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की कि दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, बुखार और वजन कम होने पर तुरंत जांच कराएं।

# जुम्बा क्लास में लिया स्वास्थ्य लाभ



रोहतक। सत्युग दर्शन ट्रस्ट, संगीत कला केंद्र मॉडल टाउन द्वारा सुभाष नगर स्थित सुभाष पार्क में प्रात जुम्बा क्लास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जुम्बा के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. सोनिया अरोड़ा, डॉ. जेपी अरोड़ा, रिंकी, ललिता, रीता, मीनू, परवीन सहगल, आशिमा, मीनाक्षी, आरके मल्होत्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को तनावमुक्त एवं ऊर्जावान बनाए रखने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।